https://www.timesnowhindi.com/cities/noida-news/aqua-line-metro-to-be-extended-to-greater-noida-west-11-new-stations-announced-check-details-here-article-110612707

# Greater Noida West के लिए खुशखबरी, मेट्रो लाइन को मिली मंजूरी; जल्द शुरू होगा काम

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। यहां के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि मेट्रो हिंडन पार करके नोएडा एक्सटेंशन में आए। अब एनएमआरसी ने एक्वा लाइन मेट्रो को ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। देखें पूरी डिटेल और कहां-कहां बनेंगे स्टेशन -

**Authored by:** Digpal Singh | Updated Jun 1, 2024, 12:15 PM IST




ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चलेगी मेट्रो

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोग लंबे समय से पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मेट्रो रेल की मांग कर रहे हैं। मेट्रो को लेकर स्थानीय लोग हर रविवार प्रदर्शन भी करते रहे हैं। आखिर अब ग्रेटर नोएडा वेस्ट (**Greater Noida West**) के लिए खुशखबरी ये है कि नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (**NMRC**) ने एक्वा लाइन मेट्रो को ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इस कदम से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी और अच्छी हो जाएगी। इससे लोगों को आवाजाही में आसानी होगी और सड़कों का ट्रैफिक भी कुछ हद तक कम होगा। चलिए जानते हैं क्या है एक्वा लाइन मेट्रो को लेकर **NMRC** की पूरी तैयारी -

ग्रेटर नोएडा से नोएडा के सेक्टर 51 तक चल रही एक्वा लाइन मेट्रो को अब ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक बढ़ाने की योजना है। इस कॉरिडोर में कुल 11 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। यह स्टेशन नोएडा और ग्रेटर नोएडा के प्रमुख स्थानों पर होंगे, जिनमें नोएडा के सेक्टर 51 के अलावा सेक्टर 61, 70, 122 और 123 भी शामिल होंगे। कुल 17.43 किमी लंबा इस एक्सटेंशन प्रोजेक्ट में ये 11 स्टेशन होंगे।

**ये भी पढ़ें -** ***4 जून को सियासी पारा तो चरम पर होगा, जानिए कैसा रहेगा देशभर के मौसम का हाल***

- नोएडा सेक्टर 51 (मौजूदा स्टेशन)
- नोएडा सेक्टर 61
- नोएडा सेक्टर 70
- नोएडा सेक्टर 122
- नोएडा सेक्टर 123
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर 4
- इकोटेक 12
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर 3
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर 10
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर 12
- ग्रेटर नोएडा सेक्टर नॉलेज पार्क 5

## दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन से कनेक्टिविटी

एक्वा लाइन के इस प्रोजेक्ट की खासियत यह होगी कि यह दिल्ली मेट्रो के ब्लू लाइन से कनेक्ट होगी। अभी एक्वालाइन के सेक्टर 51 स्टेशन से दिल्ली मेट्रो के ब्लूलाइन सेक्टर-52 स्टेशन के बीच कनेक्टिविटी नहीं है। इसकी वजह से लोगों को एक स्टेशन से बाहर आकर दूसरे स्टेशन तक जाना पड़ता है। लेकिन इस नई एक्सटेंशन लाइन के जरिए दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन सेक्टर 61 पर जुड़ेंगे।

**ये भी पढ़ें -** ***यहां बनकर तैयार हुई 12 किमी लंबी एलिवेटेड रोड, Expressway पर फर्राटा भरने में अब देर नहीं***

## नया इंटरचेंज स्टेशन

इस तरह से नोएडा सेक्टर 61 नया इंटरचेंज स्टेशन होगा। यहां पर यात्री एक मेट्रो से उतरकर आसानी से दूसरी में सवार हो पाएंगे, इसके लिए उन्हें स्टेशन से बाहर आने की जरूरत नहीं होगी। इससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों का समय और पैसा दोनों ही बचेंगे।

## करीब 3 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट

17.43 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट पर कुल 11 स्टेशनों के बारे में तो आपने जान लिया। NMRC के मैनेजिंग डायरेक्टर लोकेश एम के अनुसार इसकी लागत करीब 2991.60 करोड़ रुपये आएगी। बता दें कि अभी एक्वा लाइन और ब्लू लाइन नोएडा सेक्टर 51-52 पर जुड़ते हैं। इस पर यात्रियों की संख्या काफी बढ़ी है। साल 2019 में जहां यहां पर यात्रियों की संख्या 18 हजार थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 45 हजार हो गई।

**ये भी पढ़ें -** ***तेजी से आगे बढ़ रहा Monsoon, अगले दो-तीन दिनों में यहां झूमकर बरसेंगे बादल, लू से मिलेगी राहत***

## इस रूट पर भी होगा काम

इसके अलावा नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन में स्थित दिल्ली मेट्रो के स्टेशन से नोएडा सेक्टर 142 में नोएडा मेट्रो स्टेशन को जोड़ने का काम भी हो रहा है। इससे दिल्ली से ग्रेटर नोएडा पहुंचना आसान होने के साथ ही समय भी कम लगेगा। इसके अलावा NMRC डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक भी एक्वा लाइन को बढ़ाया जाएगा।

देश और दुनिया की ताजा ख़बरें (*Hindi News*) अब हिंदी में पढ़ें | नोएडा (*cities News*) और *चुनाव* के समाचार के लिए जुड़े रहे Times Now Navbharat से |